# ट्विटर सेफ्टी गाइड:
## आसान शब्दों में

स्रोत: iheartmob (https://iheartmob.org/pages/twitter-safety-guide)

हिंदी में अनुवाद : वर्धमान सर्विसेज
सहयोग : ओमिड्यार नेटवर्क इंडिया

डिज़ाइन: अनुश्री ढींगरा



# 1. ट्विटर की पॉलिसी

## i. ट्विटर पर किस तरह के कंटेंट की अनुमति नहीं है?

ट्विटर के कुछ नियम हैं जो हाईलाईट करते है कि प्लेटफॉर्म पर किस चीज़ की अनुमति नहीं है। यहाँ उन पॉलिसी में शामिल कैटेगिरी दी गई हैं:

1. अंतरंग/इंटिमेट मीडिया
2. गाली देना
3. हिंसा का महिमामंडन, हिंसा को बड़ा चढ़ा कर दिखाना या उसका जश्न मनाना
4. संवेदनशील कंटेंट
5. स्पैम
6. निजी जानकारी
7. नफरत पैदा करने वाला कंटेंट पोस्ट, लाइक, या साझा करना
8. हिंसा को बढ़ावा देने वाले ग्रुप
9. वेश/रुप बदलने वाला कंटेंट
10. आत्महत्या या अपने आप को नुक्सान पहुंचाने वाला कंटेंट

## ii. ट्विटर पर किस चीज़ को उत्पीड़न/शोषण माना जाता है?

ट्विटर पर किस को गाली देना/दुर्व्यवहार करना उत्पीड़न/शोषण माना जाता है और वह इनमें से किसी एक या अधिक के अंदर फिट होना चाहिए:

1. परेशान करने वाले मैसेज भेजने वाला एकाउंट

2. एकतरफा शोषण/उत्पीड़न जिसमें धमकियां शामिल हैं

3. किसी विशेष यूज़र को परेशान करने के लिए उकसाना

4. एक ही यूज़र को कई एकाउंट्स से परेशान करने वाले मैसेज भेजना

5. दूसरों को परेशान करने या डराने के उद्देश्य से आक्रामक अपमान करना

## ट्विटर कई प्रकार के अपमानजनक व्यवहार को प्रतिबंधित करता/रोकता है, जिनमें शामिल हैं:

वेश/रूप बदलकर पेश होना : जब कोई यूज़र दूसरों को गुमराह करने, भ्रमित करने या धोखा देने के लिए वेश/रूप बदलता है

डोक्सिंग: अन्य लोगों की निजी और गोपनीय जानकारी, जैसे क्रेडिट कार्ड नंबर, गली का पता, या सामाजिक सुरक्षा/राष्ट्रीय पहचान संख्या, उनकी अनुमति के बिना प्रकाशित करना या पोस्ट करना

बिना सहमति/अनुमति के किसी की अंतरंग/इंटिमेट या सेक्सुअल तस्वीरों को डिस्ट्रीब्यूट करना: अंतरंग/इंटिमेट फ़ोटो या वीडियो पोस्ट करना जो व्यक्ति की सहमति के बिना लिए या डिस्ट्रीब्यूट किए गए थे

अनचाहे सेक्सुअल ऑफर्स: इसमें किसी को गलत और/या अनचाहे एडल्ट मीडिया भेजना शामिल है, जिसमें तस्वीरें, वीडियो और जीआईएफ शामिल हैं; किसी के शरीर के बारे में सेक्सुअल चर्चा करना; और सेक्सुअल एक्ट्स की डिमांड करना।

हिंसक धमकी (डायरेक्ट या इनडायरेक्ट): हिंसा की धमकी या हिंसा को बढ़ावा देना, जिसमें आतंकवाद की धमकी देना या आतंकवाद को बढ़ावा देना शामिल है; नस्ल, जातीयता, वर्ण, राष्ट्रीय मूल, धर्म, यौन आकर्षण, लिंग, लैंगिक पहचान, आयु या विकलांगता के आधार पर किसी व्यक्ति या समूह के खिलाफ धमकी देना या हिंसा को बढ़ावा देना

आप यहाँ और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# iii. ट्विटर पर क्या उत्पीड़न/शोषण नहीं माना जाता है?

ट्विटर का कहना है, "लोगों को संभावित भड़काऊ कंटेंट पोस्ट करने की अनुमति है, जब तक कि वे ट्विटर के नियमों का उल्लंघन नहीं कर रहे हैं। व्यक्तिगत असहमति और राजनीतिक बहस को दुरुपयोग के रूप में नहीं गिना जाता है और प्लेटफॉर्म यूज़र्स के बीच के झगड़ो में हस्तक्षेप नहीं करता है। ट्विटर के सहायता केंद्र में टूल और कंट्रोल्स के माध्यम से आपत्तिजनक सामग्री से निपटने के बारे में गाईडेंस दिया है।



**आप यहाँ और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।**

# iv. अगर मुझे ट्विटर पर परेशान किया जाता है तो मुझे क्या करना चाहिए?


यदि आप ट्विटर पर अनचाही या आपको टारगेट करने वाली कंटेंट लगातार प्राप्त कर रहे हैं और आपको लगता है कि यह ऑनलाइन दुरुपयोग/शोषण है, तो जल्द से जल्द ट्विटर को रिपोर्ट करने पर विचार करें।




याद रखें कि हिंसक या अपमानजनक मैसेज को प्रिंट-आउट या स्क्रीनशॉट के साथ डॉक्युमेंट करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह भविष्य की जांच के लिए उपयोगी हो सकता है।

## एपिसोड को रिपोर्ट करने और उसका डॉक्युमेंटेशन करने के बाद, आप खुद को और दूसरों को परेशान होने से बचाने के लिए और भी कदम उठा सकते हैं:

- **उत्पीड़क/परेशान करने वाले व्यक्ति के एकाउंट को ब्लॉक करें:** जब आप ट्विटर पर किसी एकाउंट को ब्लॉक करते हैं, तो वह एकाउंट आपको फॉलो नहीं कर पाएगा और आपके ट्वीट नहीं देख पाएगा। इसके अतिरिक्त, उनके उत्तर या पोस्ट आपके नोटिफिकेशन टैब में नहीं दिखेंगे (हालाँकि ये ट्वीट अभी भी खोज में दिखाई दे सकते हैं)। ब्लॉक किये गए यूज़र को कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है जो उन्हें सूचित करती है कि उनका एकाउंट ब्लॉक कर दिया गया है, लेकिन यदि वे आपकी प्रोफ़ाइल पर जाते हैं तो वे देख सकेंगे कि उन्हें ब्लॉक कर दिया गया है।



# ब्लॉक किये गए यूज़र यह सब नहीं कर सकते:

1. आपको फॉलो

2. आपको डायरेक्ट मैसेज भेजना

3. लॉग इन करने पर आपके ट्वीट, आपको फॉलो या आपके फॉलोवर्स की लिस्ट, फ़ोटो, वीडियो, सूचियां, या फेवरेट्स देखना

4. आपके ट्विटर के एकाउंट को उनकी लिस्ट में जोड़ना


5. आपको फोटो में टैग करना

**ध्यान रखें कि ब्लॉक करना धमकियों को छुपा सकता है और यह जोखिम के मूल्यांकन को और अधिक कठिन बना सकता है। यदि आप अपनी शारीरिक और मानसिक सुरक्षा को लेकर डरे हुए हैं, तो ब्लॉक करने के बजाय अपने एकाउंट की निगरानी के लिए किसी विश्वसनीय मित्र या परिवार के सदस्य से संपर्क करने के बारे में सोचे।**

**वेबसाइट या अपने फोन या डिवाइस से ट्विटर एकाउंट को कैसे ब्लॉक करें, इस बारे में अधिक जानकारी के लिए यहाँ क्लिक करें।**

## एपिसोड को रिपोर्ट करने और उसका डॉक्युमेंटेशन करने के बाद, आप खुद को और दूसरों को परेशान होने से बचाने के लिए और भी कदम उठा सकते हैं:

- **परेशान करने वाले व्यक्ति के खाते को म्यूट करें:** म्यूट एक ऐसी सुविधा है जो आपको उस एकाउंट को अनफ़ॉलो या अनब्लॉक किए बिना अपनी टाइमलाइन से किसी एकाउंट के ट्वीट को निकालने की अनुमति देती है। म्यूट किए गए यूजर्स को कोई सूचना प्राप्त नहीं होगी और आप उन्हें किसी भी समय अनम्यूट कर सकते हैं। आपके द्वारा म्यूट किए गए एकाउंट्स की सूची देखने के लिए, अपनी म्यूट एकाउंट सेटिंग पर जाएं।



## म्यूट के बारे में जानने योग्य कुछ महत्वपूर्ण बातें:

1

म्यूट किए गए एकाउंट अभी भी आपको फॉलो कर सकते हैं और आप उनको फॉलो कर सकते हैं। किसी एकाउंट को म्यूट करने से आप उन्हें अनफ़ॉलो नहीं करेंगे।

2

म्यूट एकाउंट यूजर्स अभी भी आपको डायरेक्ट मैसेज भेज सकते हैं।

3

अब आपको किसी भी म्यूट एकाउंट से पुश या एसएमएस नोटिफिकेशन प्राप्त नहीं होंगे।

## म्यूट किए गए एकाउंट्स जिन्हे आप फॉलो करते हैं:

म्यूट किए जाने से पहले म्यूट किए गए एकाउंट के ट्वीट अभी भी आपकी होम टाइमलाइन में दिखाई देंगे।

## म्यूट किए गए एकाउंट्स जिन्हे आप फॉलो नहीं करते हैं:

म्यूट किए गए एकाउंट के @जवाब और पोस्ट अभी भी आपके नोटिफिकेशन टैब में दिखाई देंगे।

# 2. उत्पीड़न/शोषण की रिपोर्ट करे

# 1 मैं ट्विटर पर उत्पीड़न/शोषण की रिपोर्ट कैसे कर सकती हूँ?

**आप इस ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से उत्पीड़न की रिपोर्ट कर सकते हैं। रिपोर्ट का रिव्यू ट्रस्ट और सुरक्षा टीम द्वारा किया जायेगा। फॉर्म पर, आपसे पूछा जाएगा:**

- परेशान करने वाले एकाउंट का नाम
- परेशान करने वाले ट्वीट के लिंक/यूआरएल्स (अधिकतम पांच)
- स्थिति के बारे में अधिक जानकारी (जैसे, एक ही व्यक्ति के द्वारा बार-बार दुर्व्यवहार किया जाना, ट्विटर सुरक्षा में हेराफेरी, आदि)



**ट्वीट यूआरएल रिपोर्ट के लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे उत्पीड़न का सबूत प्रदान करते हैं और ट्विटर को सलाह देते हैं कि इस समस्या को अच्छी तरीके से कैसे संभाला जाए। ध्यान रखें कि आप हटाए गए ट्वीट्स के ट्वीट यूआरएल अटैच कर सकते हैं। यदि उत्पीड़न किसी ट्वीट के बाहर होता है (जैसे, एकाउंट बायो, हेडर, प्रोफ़ाइल चित्र, आदि), तो आप इसे फ़ॉर्म के आगे के विवरण फ़ील्ड में समझा सकते हैं।**

**आप किसी ट्वीट, सूची या प्रोफ़ाइल से सीधे अपमानजनक कंटेंट को रिपोर्ट भी कर सकते हैं।**

# i. ट्विटर पर दुर्व्यवहार को रिपोर्ट करने से पहले मुझे कब तक प्रतीक्षा करनी चाहिए?

- आगे के नुकसान को रोकने के लिए आपको जल्द से जल्द दुरुपयोग को रिपोर्ट करना चाहिए। यदि व्यवहार दुरुपयोग के लिए ट्विटर के स्टैंडर्ड्स में फिट नहीं बैठता, तो आप इसकी जगह यूज़र्स को अनफ़ॉलो, ब्लॉक या म्यूट भी कर सकते हैं।



## ii. मेरे द्वारा ट्विटर पर रिपोर्ट सबमिट करने के बाद क्या होता है?

- जब कोई रिपोर्ट सबमिट करता है, तो एक ट्विटर रिप्रेज़ेंटेटिव को निर्णय लेने से पहले उसका मूल्यांकन करने की आवश्यकता होती है। ट्विटर की पॉलिसी के अनुसार, इस पॉलिसी के उल्लंघन के लिए दंड का निर्धारण करते समय, ट्विटर "कई बातो पर विचार करता है, जिसमें उल्लंघन की गंभीरता और नियम उल्लंघन के एक व्यक्ति के पिछले रिकॉर्ड शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं"।

- वे रिपोर्ट किए हुए एकाउंट को उल्लंघन करने वाले कंटेंट को हटाने के लिए कह सकते हैं और उस एकाउंट को 'केवल-पढ़ने' के मोड में कुछ समय के लिए डाल सकते हैं।(मतलब, इस मोड में वह एकाउंट दूसरों की पोस्ट पढ़ सकेगा लेकिन कुछ पोस्ट नहीं कर सकेगा।)

# ट्विटर कहता है, " भविष्य में उल्लंघन करने पर 'केवल-पढ़ने' के मोड़ का समय बड़ा दिया जायेगा और अंततः हमेशा के लिए सस्पेंशन हो सकता है। यदि कोई एकाउंट मुख्य रूप से अपमानजनक व्यवहार में शामिल है, तो ट्विटर शुरुआती रिव्यू में एकाउंट को हमेशा के लिए सस्पेंड कर सकता है"

अपमानजनक प्रोफ़ाइल पॉलिसी निर्धारित करती है यदि इसमें निम्न में से कोई भी अपमानजनक व्यवहार शामिल है, तो किसी एकाउंट को पहले उल्लंघन पर सस्पेंड किया जा सकता है :

1

हिंसक धमकी देना

2

अपमानजनक गालियां, विशेषण/ नाम, नस्लवादी, जातिवादी या सेक्सिस्ट ट्रॉप्स

3

अपमानजनक कंटेंट जो किसी को वहशी बना देता है या उसे इंसान नहीं समझता

4

ऐसा कंटेंट जो डर को उकसाता है

ट्विटर के अनुसार, यदि कोई एकाउंट अपनी प्रोफ़ाइल जानकारी में नफरत पैदा करने वाले चिन्ह का उपयोग करता है, तो एकाउंटहोल्डर को अपने एकाउंट का फिर से उपयोग करने से पहले उस चिन्ह को हटाना होगा। बार-बार उल्लंघन करने पर हमेशा के लिए सस्पेंड कर दिया जाएगा।



# ट्विटर द्वारा कार्रवाई करने के अन्य तरीकों में शामिल हैं:

- ट्वीट की विज़िब्लिटी को सीमित करना: इससे ट्विटर, सर्च के परिणामों, जवाबो और टाइमलाईन्स पर कंटेंट कम दिखाई देता है।

- उल्लंघन करने वाले ट्वीट को उसके हटाए जाने की प्रतीक्षा तक छिपाना: "उस अंतरिम समय में जब ट्विटर कोई सख्त कार्रवाई करता है और व्यक्ति ट्वीट को हटा देता है, ट्विटर उस ट्वीट को सार्वजनिक रूप से दिखने से छुपा सकता है और ओरिजनल कंटेंट को एक नोटिस के साथ बदल देगा जिसमें कहा गया है कि ट्वीट अब उपलब्ध नहीं है क्योंकि यह हमारे नियमों का उल्लंघन करता है। साथ ही, यह नोटिस ट्वीट हटाने के बाद 14 दिनों तक उपलब्ध रहेगा।"

This Tweet is no longer available. Learn more

## iii. क्या ट्विटर स्क्रीनशॉट को उत्पीड़न के सबूत के रूप में स्वीकार करता है?

- ट्विटर संबंधित यूआरएल के बिना स्क्रीनशॉट को उत्पीड़न के सबूत के रूप में स्वीकार नहीं करता है। डॉक्युमेंटेशन के लिए उनका पसंदीदा तरीका किसी ट्वीट के यूआरएल को कॉपी/पेस्ट करना है। हालांकि, यदि आप स्थानीय कानून अधिकारियों के साथ काम करना चुनते हैं, तो आप उत्पीड़न के सबूत के रूप में ट्वीट्स के स्क्रीनशॉट प्रदान करना चुन सकते हैं।



## iv. ट्विटर पर दुर्व्यवहार की रिपोर्ट कौन कर सकता है?

**निम्नलिखित व्यक्ति इस फ़ॉर्म का उपयोग करके ट्विटर पर दुर्व्यवहार की रिपोर्ट कर सकते हैं:**

- ऑनलाइन दुर्व्यवहार का पीड़ित
- पीड़ित का कानूनी रिप्रेज़ेंटेटिव (जैसे परिवार का सदस्य या वकील/एटर्नी)
- एक बाईस्टैंडर/साथी

**बाईस्टैंडर/साथी की भागीदारी ट्विटर पर उत्पीड़न को रोकने में मदद करती है और टारगेट किये जाने वाले व्यक्ति को दिखाती है कि उनके पास अन्य यूज़र्स का समर्थन है।**

## v. क्या रिपोर्ट गोपनीय रखी जाती हैं?

- ट्विटर प्रत्येक रिपोर्टर की जानकारी को सभी मामलों में गोपनीय रखता है, सिवाय उन मामलों के जो सीधे तौर पर पहचान या ट्रेडमार्क उल्लंघन से संबंधित हैं। उदाहरण के लिए, यदि कोई आपका वेश/रूप यूज़ कर रहा है, तो आपको अपनी पहचान प्रमाणित करनी होगी। ऐसे मामलों में, ट्विटर विचाराधीन एकाउंट (एकाउंट्स) के मालिक के साथ बातचीत करने से पहले आपको सूचित करेगा।

## vi. जब ट्विटर पर मेरी दुर्व्यवहार की रिपोर्ट को सुलझा दिया जाएगा तो क्या मुझे सूचित किया जाएगा?

- जब वे आपकी रिपोर्ट प्राप्त करेंगे तो ट्विटर आपको सूचित करेगा, और यदि वे आगे की कार्रवाई करते हैं तो वे आपको सूचित करेंगे। यह सब ऐप पर आपके नोटिफिकेशन टैब में दिखाई देगा। आपको ये नोटिफिकेशन मिलेंगी कि आपने जिस उत्पीड़न की रिपोर्ट की है, उसमे आपको टारगेट किया गया था या किसी और को। (हो, 2017)

## vii. मैंने ट्विटर को दुर्व्यवहार की रिपोर्ट सबमिट की, लेकिन मुझे लगता है कि मेरे केस को अच्छी तरह से नहीं संभाला गया (उदाहरण के लिए, ट्विटर ने अपमानजनक ट्वीट्स को हटाया नहीं है या परेशान करने वाले व्यक्ति के एकाउंट को सस्पेंड नहीं किया है, या मेरी रिपोर्ट को अस्वीकार कर दिया गया है)। अब मुझे क्या करना चाहिए?

- अगर ट्विटर ने परेशान करने वाले व्यक्ति के एकाउंट को सस्पेंड नहीं किया है या अपमानजनक कंटेंट को हटाया नहीं है, तो यह दो कारणों में से एक है: या तो उत्पीड़न ट्विटर के दुरुपयोग के स्टैंडर्ड्स को पूरा नहीं करता है, या केस अभी भी पेंडिंग है। कभी-कभी ट्विटर यूज़र्स से अपमानजनक कंटेंट को हटाने के लिए कहता है, और केवल उनके एकाउंट को सस्पेंड करता है। आप यह पता लगा सकते हैं कि ट्वीट अभी भी है या नहीं, इसके यूआरएल पर नेविगेट करके और देखें कि क्या यह लोड होता है। यदि इसे हटा दिया गया था, तो पेज पढ़ा जाएगा, "क्षमा करें, वह पेज मौजूद नहीं है!", यदि यह अभी भी वहां है, तो ट्विटर अभी भी उस यूज़र को सस्पेंड करने से पहले इसे हटाने का समय दे रहा है।

- इस जानकारी के अलावा, जब आप उनकी प्रतिक्रिया से संतुष्ट नहीं होते हैं, तो ट्विटर के पास कोई स्पष्ट रास्ता नहीं है। वे आपको दुर्व्यवहार के लिए उनके नियमों और स्टैंडर्ड्स का रिव्यू करने और परेशान करने वाले व्यक्ति के खाते को अनफ़ॉलो करने, म्यूट करने या ब्लॉक करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यदि वही यूज़र अपमानजनक व्यवहार दोहराता है, तो आप एक नई रिपोर्ट सबमिट कर सकते हैं।


- इसके अलावा, आपको अपने मित्रों और परिवार को उत्पीड़न की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए क्योंकि अधिक रिपोर्ट से यह संभावना बढ़ जाती है कि ट्विटर इसे हटा देगा।

**याद रखें कि आप अपमानजनक कंटेंट पोस्ट करने वाले व्यक्ति के साथ अपनी बातचीत को ब्लॉक या म्यूट करके हमेशा कंट्रोल कर सकते हैं।**


रोशन @user_01_1 · 30m
परेशान करने वाले मैसेज भेजने वाला एकाउंट


समस्या की रिपोर्ट करें
हो गया
@user_01_1 को म्यूट करें


इस ट्वीट में दिलचस्पी नहीं है
@user_01_1 को अनफ़ॉलो करें
@user_01_1 को सूचियों में जोड़ें/हटाएं
@user_01_1 को म्यूट करें
@user_01_1 अवरुद्ध करें
ट्वीट एम्बेड करें
ट्वीट की रिपोर्ट करें


समस्या की रिपोर्ट करें
हो गया
@user_01_1 अवरुद्ध करें